विपक्ष को कमजोर करने की कोशिश की जा रही है- कमलनाथ

कांग्रेस की विचारधारा ही कर सकती है तानाशाही का मुकाबला

भोपाल,(निप्र)। भाजपा में जाने की अटकलों के बीच पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने सत्ताधारी दल पर हमले बोले हैं। उन्होंने नाम लिए बिना भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि विपक्ष को कमजोर करने की कोशिश की जा रही है। कांग्रेस की विचारधारा ही तानाशाही का मुकाबला कर सकती है।

कमलनाथ ने सोशल मीडिया पर लिखा कि कांग्रेस की विचारधारा सत्य, धर्म और न्याय की विचारधारा है। देश के सभी धर्म, जाति, क्षेत्र, भाषा और विचार के लिए कांग्रेस की विचारधारा में समान स्थान और सम्मान है। कांग्रेस पार्टी के 138 वर्ष के इतिहास में ज्यादातर समय संघर्ष और सेवा में गुजरा है। आजादी की लड़ाई के आंदोलन में तानाशाही से संघर्ष में कांग्रेस के नेताओं में देश सेवा की होड़ लगी रही। आजादी के पश्चात राष्ट्र निर्माण ही कांग्रेस का एकमात्र ध्येय है। उन्होंने कहा कि आज जब देश में विपक्ष को कमजोर करने की कोशिश हो रही है और लोकतंत्र पर हमले हो रहे हैं तब भी कांग्रेस पार्टी और उसकी विचारधारा ही तानाशाही का मुकाबला करेगी और देश को दुनिया का सबसे सुंदर और मजबूत लोकतंत्र बनाएगी। हम गांधी जी, नेहरू जी और अंबेडकर जी के रास्ते पर चलकर स्वर्णिम भारत बनाएंगे।

कमलनाथ का यह बयान ऐसे समय आया है, जब अटकलें लग रही हैं कि वह और छिंदवाड़ा से सांसद उनके बेटे नकुलनाथ भाजपा में जा सकते हैं। हालांकि, दोनों ही नेताओं ने कई बार इसे कोरी अफवाह बताया है। विधानसभा में भी उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और अन्य भाजपा नेताओं से मुलाकात की थी, जिसके बाद इन अटकलों को एक बार फिर हवा मिल गई। हालांकि, भाजपा नेता कैलाश विजयवर्गीय यह साफ कह चुके हैं कि कमलनाथ के लिए भाजपा के दरवाजे बंद हैं। उन्होंने तो एक कदम आगे बढ़कर यह भी कहा था कि हम जब मार्केट में जाते हैं तो वहां सब्जी-फल ताजे ही खरीदते हैं। कोई बासी फल-सब्जी नहीं खरीदता।

एक नजर

संपति के बंटवारे को लेकर परिवार में विवाद,हालत बिगड़ने पर 1 सदस्य की मौत, पुलिस जांच में जुटी

विदिशा,(निप्र)। विदिशा के ग्रामीण इलाके में जमीनी विवाद के चलते एक परिवार के सदस्य आपस में भिड़ गए। जिसमें परिवार के एक सदस्य की मौत हो गई। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम करके मामला जांच में ले लिया । विदिशा के न्यारसपुर थाना क्षेत्र के ग्राम धुरैश में रहने वाले 52 वर्षीय सुरेंद्र सिंह यादव के साथ उनके ही परिवार के अन्य रिश्तेदारों ने जमीन और संपति बंटवारे को लेकर मारपीट कर दी थी , जिससे उनकी हालत खराब हो गई। उन्हें विदिशा जिला अस्पताल इलाज के लिए ला रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई । जिला अस्पताल में डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। मृतक के ससुराल पक्ष के सदस्यों ने इस मामले में मृतक के भाइयों और रिश्तेदारों पर गंभीर आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की। वहीं दूसरी ओर इस पूरे मामले को लेकर सीएसपी राजेश तिवारी का कहना है कि संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हुई है। परिवार के आपस का जमीनी विवाद है। सभी बिंदुओं को लेकर जांच की जा रही है ।

ग्रामीणों की बाइक ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकराई:एक की मौत

विदिशा,(निप्र)। विदिशा में सड़क हादसे में एक बाइक सवार की मौत हो गई। जबकि बाइक पर सवार दूसरे व्यक्ति घायल हो गया। जानकारी के अनुसार, जिले के गंगासहर गांव के रहने वाले नेतराम कुशवाह अपने साथी रामा कुशवाह के साथ बाइक से विदिशा से गंगासहर लौट रहा था। इसी दौरान कुआखेड़ी से ग्राम सौजना के पास में उनकी बाइक की ट्रैक्टर ट्राली से भिड़ंत हो गई थी, हादसे में बाइक चला रहे नेतराम की मौत हो गई, जबकि बाइक पर सवार दूसरा व्यक्ति घायल हो गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बाइक और ट्रैक्टर ट्राली की भिड़ंत हो गई थी जिसमें बाइक सवार 20 वर्षीय नेतराम की मौके पर ही मौत हो गई जबकि उसका साथी रामा को मामूली चोट आई। एम्बुलेंस के माध्यम से नीतराम को गुलाबगंज स्वास्थ्य केंद्र ले जाया जहां पर शव का पोस्टमॉर्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज करके जांच में ले लिया।

भोपाल नगर निगम ने पास किया 808 करोड़ 87 लाख का अंतरिम बजट

अंतरिम बजट में जनता पर नहीं बढ़ाया, किसी प्रकार का टैक्स

भोपाल,(निप्र)। भोपाल नगर निगम ने लोकसभा चुनाव में लगने वाली आदर्श आचार संहिता के पहले शनिवार 10 फरवरी को अपना त्रैमासिक लेखानुदान प्रस्तुत किया। जिसमें आने वाले तीन महीनों के लिए 808 करोड़ 87 लाख 48 हजार का बजट पेश किया गया। विपक्ष के हंगामे के बीच बजट पास कर दिया गया। इस अंतरिम बजट में जनता के ऊपर किसी प्रकार का टैक्स नहीं बढ़ाया गया है। लेकिन भोपाल में संचालित हो रहे नर्सिंग होम और अस्पतालों से अब बेड की संख्या के आधार पर वार्षिक शुल्क वसूलने का प्रस्ताव पास किया गया है।

नगर निगम परिषद की बैठक में हंगामा

राजधानी में शनिवार 10 फरवरी को नगर निगम ने अपना लेखानुदान प्रस्तुत किया। चार महीने के बाद हुई परिषद की बैठक काफी हंगामेदार रही। कांग्रेस पार्षदों ने बैठक में कई मुद्दों को लेकर हंगामा किया। नेता प्रतिपक्ष सविस्ता जकी ने इस बजट को गलत ठहराया। इसके साथ ही कई मुद्दों को लेकर बार-बार सदन में हंगामा हुआ। पिछली बार की तरह ही इस बार भी महापौर मालती राय ने लोकहित के सवालों के जवाब मौखिक ना देते हुए लिखित में दिए। जिसको लेकर विपक्ष ने हंगामा किया और नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी का घेराव किया। नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस पार्षद दल सदन में ही धरने पर बैठ गए और महापौर से मौखिक जवाब की मांग करने लगे।

'महापौर की तानाशाही नहीं चलेगी'

बैठक में विपक्ष ने कहा कि महापौर का रवैया तानाशाह जैसा है। कांग्रेस पार्षद शीरीन खान ने भोपाल सीमा में संचालित पटाखा फैक्ट्रियों की सुरक्षा और दुकानों की संख्या को लेकर सवाल किया था। उन्होंने निगम प्रशासन, जिला प्रशासन से पूछा कि आपकी क्या नीति है सदन में स्पष्ट की जाए.जिस पर महापौर ने कहा लिखित जवाब पढ़ लें। नेता प्रतिपक्ष ने कहा पढ़कर सुनाया जाए, शहर की जानता जवाब सुना चाहती है। जिस पर महापौर ने मौखिक जवाब न देने के कारण महापौर की तानाशाही नहीं चलेगी के नारों से सदन गूंजता रहा।

लोकायुक्त पुलिस की बड़ी कार्रवाई

एएसआई को 10 हजार की रिश्वत लेते पकड़ा

भोपाल,(निप्र)। भोपाल के छोला थाना के सहायक उप निरीक्षक संतोष सिंह दांगी को 10 हजार रुपए की रिश्वत लेते लोकायुक्त पुलिस ने रंग हाथ दबोचा है। संतोष दांगी शिकायत की जांच को खत्म करने पीड़ित से 50 हजार रुपए की मांग की थी। लोकायुक्त पुलिस भोपाल ने एएसआई संतोष कुमार दांगी को 10 हजार रुपए की रिश्वत लेते दबोचा है। दरअसल लोकायुक्त पुलिस अधीक्षक को भानपुर विदिशा रोड गीता नगर निवासी हेमंत कुमार ने आवेदन दिया था। इसमें शिकायत की थी कि एएसआई संतोष दांगी उसके खिलाफ झूठी शिकायत की जांच करने को लेकर 50 हजार रुपए की रिश्वत मांग रहा है। हेमंत ने बताया कि वह बैकिंग कियोस्क संचालित करता था। जिसे उसने जून 2023 में बंद कर दिया। अभी किसी जगदीश शर्मा नाके व्यक्ति ने उसकी छोला थाने में शिकायत की। जिसमें उसने आरोप लगाया कि उसे 29 हजार रुपए बैंक में जमा करने के लिए थे, लेकिन वह रुपए बैंक में जमा नहीं किए गए। हेमंत ने अपने आवेदन में बताया कि जगदीश शर्मा की तरफ से शिकायत में प्रमाण के तौर पर लगाई गई रशीद भी सील और हस्ताक्षर फर्जी है। इस मामले की जांच एएसआई संतोष दांगी कर रहे हैं। हेमंत कुमार ने आवेदन में बताया कि संतोष कुमार दांगी जांच को दबाने के लिए उससे 50 हजार रुपए की मांग कर रहे है।

पार्वती नदी में रोक के बाद भी हो रहा उत्खनन

आष्टा,(निप्र)। शहर की जीवनदायनी पार्वती नदी इन दिनों सूखी पड़ी है और दोनों और घाटों का निर्माण भी हो रहा है । इधर रात में पार्वती नदी में खनन शुरू हो गया है। शनिवार को सुबह भी जेसीबी की मदद से खुदाई की जा रही है और ट्रालियों से भरकर पत्थर ले जाया जा रहा है जबकि नदियों में खनन पर रोक लगी है उसके बाद भी खनिज विभाग ध्यान नहीं दे रहा है।

बता दे की पार्वती नदी के जल पर शहर वासी निर्भर रहते हैं वर्ष भर नगर पालिका पार्वती नदी का जल ही सप्लाई करती है और इन दिनों पार्वती नदी सूख गई है ऐसे में नगर पालिका ने पिछले दिनों रामपुरा डैम से पानी छुड़ाया है जो की आने में एक हफ्ता लगता है और कुछ दिनों में पानी आने वाला है लेकिन नदी सूखी होने से अब उसमें खुदाई शुरू हो गई है, जेसीबी से खोद कर पत्थर ले जाया जा रहा है रात को भी खुदाई की गई जिससे एक बड़ा गड्ढा हो गया है और आज शनिवार को भी सुबह से कार्य चल रहा है जबकि एनजीटी ने नदियों की खुदाई पर रोक लगा रखी है यही गड्ढे कहीं बारिश में जानलेवा साबित ना हो जाए। आश्चर्य का बात है कि इतना कुछ होने के बाद भी अभी तक प्रशासन और खनिज विभाग ने ईस ओर ध्यान नहीं दिया है जबकि आगे से नदियों की खुदाई पर रोक लगी है।

मैं संबंधित विभाग को निर्देशित करूंगा- इस संबंध में एसडीएम आनंद सिंह राजावत ने कहा है कि मुझे जानकारी नहीं है नदियों के खनन पर आगे से ही रोक है अगर खुदाई हो रही होगी तो फिर भी मैं खनिज विभाग को निर्देशित करता हूं।

ज्यादा पानी ठहर सके इसलिए गहरीकरण हो रहा है। उधर नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने बताया है कि नदी में इस समय पानी नहीं है इसलिए पार्वती नदी का गहरीकरण किया जा रहा है। **मैंने रात को खुदाई कार्य रुकवा दिया था-** सीएमओ राजेश सक्सेना ने कहा है कि मुझे रात को जानकारी लगी थी तो मैं पार्वती नदी में हो रही खुदाई का कार्य रुकवा दिया था । आज की जानकारी मुझे नहीं है।

लाड़ली बहनों के खातों में डाली किश्त, सौंपे प्रमाण पत्र

आष्टा,(निप्र)। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना एवं सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत सीहोर जिला में मुख्यमंत्री मोहन यादव ने वर्चुअल रूप से प्रदेश की लगभग 1 करोड़ 25 लाख लाड़ली बहनों को संबोधित कर प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में समझाया, वहीं सिंगल क्लिक के माध्यम से सवा करोड़ से अधिक लाड़ली बहनों के खातों में माह फरवरी की किस्त राशि 1250 रुपए अंतरित की गई। उक्त

आयोजन का सीधा प्रसारण नगरपालिका के सभाकक्ष में नपाध्यक्ष श्रीमती हेमकुंवर मेवाड़ा के आतिथ्य में संपन्न हुआ। सीहोर जिला में आयोजित मुख्यमंत्री लाड़ली बहना के तहत राशि अंतरण कार्यक्रम को नगरपालिका के सभाकक्ष में नपाध्यक्ष श्रीमती हेमकुंवर मेवाड़ा के मुख्य आतिथ्य एवं नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, मुख्य नगरपालिका अधिकारी, राजेश सक्सेना, पार्षद सुभाष नामदेव, मेहमूद अंसारी की विशेष उपस्थिति में शासन द्वारा निर्धारित लाईव टेलीकास्ट के माध्यम से नगर की लाड़ली बहनों को मुख्यमंत्री मोहन यादव के संबोधन को श्रवण कराया गया। वहीं नगर की लाड़ली बहनों को प्रमाण पत्र भी उपस्थित अतिथियों द्वारा सौंपे गए।

व्यापारी का नेत्रदान, अब विदिशा में ही नेत्र बैंक होगा स्थापित

विदिशा,(निप्र)। शनिवार को मुंबई के व्यापारी का विदिशा में नेत्रदान हुआ, जिसके माध्यम से दो लोगों की जिंदगी को रोशनी मिल सकेगी। इसके साथ ही अब यह भी तय हो गया कि विदिशा में नेत्रदान के लिए लोगों को परेशान नहीं होना पड़ेगा। विदिशा मेडिकल कॉलेज की ही टीम यहां के संकल्पित लोगों के मरणोपरांत नेत्रदान की प्रक्रिया पूरी कराएगी और फिर यहीं नेत्र बैंक बनेगा। विदिशा के लिए यह बड़ी सुविधा होगी।नगर के समाजसेवी अतुल शाह इस पूरी प्रक्रिया के साक्षी बने। उन्होंने बताया कि मुंबई के 60 वर्षीय व्यापारी शैलेष रामभिया अपने रिश्तेदार हंसमुख शाह के घर आए हुए थे। लेकिन शनिवार की सुबह 5 बजे उनका हृदयगति रुकने से निधन हो गया। इसके बाद उनकी इच्छानुसार उनका नेत्रदान पूरा कराने की तैयारी हुई। विदिशा जिला चिकित्सालय और शासकीय मेडिकल कॉलेज के विशेषज्ञों ने इसकी अनुमति नहीं होने की बात कहते हुए असमर्थता जताई। इसके बाद भोपाल में भी नेत्रदान कराने का प्रयास हुआ लेकिन जब वहां भी असफलता हाथ लगी तो अंग प्रत्यारोपण के लिए काम करने वाली संस्था किरण फाउंडेशन के राकेश भार्गव ने विदिशा की डॉ रूपाली जैन और संभागायुक्त से संपर्क कर नेत्रदान में आ रही परेशानियों से अवगत कराया। इस पर इधर डॉ रूपाली जैन ने मृतक के नेत्रदान की प्रक्रिया शुरू की, इसमें डॉ राजीव जैन, डॉ विनोद भट्ट, विकास पचौरी ने भी सहयोग किया।

नगरीय प्रशासन विभाग को मिली 120 करोड़ रुपए आहरण की अनुमति

भोपाल,(निप्र)। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव की अनुशंसा पर वित्त विभाग द्वारा नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग को 120 करोड रुपए की राशि आहरित करने की अनुमति प्रदान की गई है। उल्लेखनीय है कि गतवर्ष 31 मार्च से लगाए गए प्रतिबंधों को शिथिल करते हुए वित्त विभाग द्वारा यह आदेश जारी किया गया है। नगरीय विकास एवं आवास विभाग आयुक्त भरत यादव ने बताया कि विभागीय मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के मार्गदर्शन में इस राशि से नगरीय निकायों में अधोसंरचना संबंधी कार्य किए जायेंगे।

नाम परिवर्तन

मेरा नाम पूर्व मे **कु.हनि पिता जसवंत सिह अरोड़ा** था, जो की शादी के बाद परिवर्तित होकर **श्रीमति रोशनी पति कृष्णा रिझवानी** हो गया,अत: अब मुझे इसी नये नाम से जाना जावे।
पता- 1190 सुदामा नगर सेक्टर A इंदौर म.प्र- 452009

PREMIUM CAPITAL MARKET AND INVESTMENT LIMITED

CIN:L67120MP1992PLC007178
Regd. Office: 401- Starlit Tower, 29- Y.N. Road Indore 452003, Madhya Pradesh, India
Contact No.: +91 (0731) 2536127, +91 (0731) 2433348
E-mail:compliance.premium@gmail.com; Website:www.premcapltd.com

UNAUDITED FINANCIAL RESULT FOR THE QUARTER AND NINE MONTHS ENDED ON DECEMBER 31, 2023

(Rs. in Lakh except EPS)

Particulars	Quarter Ended			Nine Month Ended		Year Ended
	31/12/2023	30/09/2023	31/12/2022	31/12/2023	31/12/2022	31/03/2023
Total Income From Operations	7.70	15.42	0.21	44.20	1.78	1.79
Net Profit / (Loss) for the period (before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items)	2.73	0.12	(0.50)	(5.54)	(0.45)	(0.98)
Net Profit/(Loss) for the period before tax (after Exceptional and/or Extraordinary items)	2.73	0.12	(0.50)	(5.54)	(0.45)	(0.98)
Net Profit/(Loss) for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items)	2.73	0.12	(0.50)	(5.54)	(0.45)	(0.98)
Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit / (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)]	2.73	0.12	(0.50)	(5.54)	(0.45)	(0.98)
Equity Share Capital	655.37	655.37	655.37	655.37	655.37	655.37
Reserves (excluding Revaluation Reserve as per the audited Balance Sheet of the previous year)	-	-	-	-	-	-
Earnings Per Share (for continuing and discontinued operations)-	-	-	-	-	-	-
Basic: (not annualized for the quarter ended)	0.04	0.00	(0.01)	0.08	(0.01)	(0.01)
Diluted: (not annualized for the quarter ended)	0.04	0.00	(0.01)	0.08	(0.01)	(0.01)

Note:- The above financial is an extract of the detailed format of quarterly Financial Results filed with the BSE Limited under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligation and Disclosure Requirements) Regulation, 2015. The full format of the quarterly Financial Results are available on the Website of BSE Limited at www.bseindia.com and Company's website at www.premcapltd.com

Date: February 9, 2024
Place: Indore

For, PREMIUM CAPITAL MARKET AND INVESTMENT LIMITED
Manisha Sudip Bhattacharya
Wholetime Director DIN : 09630474

FLUIDOMAT LIMITED

Regd. Office: 117 , Ist Floor , Navneet Darshan 16/2 , Old Palasia INDORE (M.P.) 452018
CIN : L74210MP1978PLC001452
Website : www.fluidomat.com Email : info@fluidomat.com Tel.no. : 91-731-2564820

AN EXTRACT OF UNAUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER & NINE MONTHS ENDED DECEMBER 31, 2023

(Rupees in Lakhs except EPS)

SR. No.	Particulars	Quarter Ended 31.12.2023 Un-audited	Quarter Ended 31.12.2022 Un-audited	Year to Date 31.12.2023 Un-audited	Year Ended 31.03.2023 Audited
1	Total Income from Operations	1321.60	1028.30	4171.55	4742.93
2	Net Profit/ (Loss) for the period (before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items)	350.10	225.05	1198.76	1287.06
3	Net Profit/ (Loss) for the period before Tax, (after Exceptional and/or Extraordinary items)	350.10	225.05	1198.76	1287.06
4	Net Profit/ (Loss) for the period after Tax (after Exceptional and/or Extraordinary items)	261.02	171.39	889.89	962.07
5	Total Comprehensive Income for the period (Comprising Profit/ (Loss) for the period (after Tax) and other comprehensive Income (after tax)	327.07	172.22	1046.80	960.98
6	Equity Share Capital (Face value of Rs.10/-)	492.70	492.70	492.70	492.70
7	Earnings Per Share (of Rs. 10/- each) (for continuing and discontinued operations) -				
	1. Basic:	6.64	3.50	21.23	19.50
	2. Diluted:	6.64	3.50	21.23	19.50

Notes :
1 The above is an extract of the detailed format of quarterly Financial Results filed with the Stock Exchange under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligation and Disclosure Requirments) Regulation, 2015. The full format of the Quarterly Financial Results are available on the Stock Exchange website (www.bseindia.com) and on the company website (www.fluidomat.com).

For and on behalf of the Board of Directors

Place : Indore (M.P.)
Dated : 10.02.2024

(ASHOK JAIN)
CHAIRMAN AND MANAGING DIRECTOR
DIN : 00007813

वॉक-इन सिटी, ग्राम घाटाबिल्लौद (ग्राम पंचायत क्षेत्र) तहसील देपालपुर व जिला इन्दौर (म.प्र.) के आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ई.डब्ल्यू.एस./एल.आई.जी.) हेतु आरक्षित फ्लैट के आवंटन के संबंध में सूचना

मध्यप्रदेश पंचायत राज अधिनियम एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 के अन्तर्गत म.प्र. पंचायत नियम 2014 म.प्र. राजपत्र में प्रकाशित दिनांक 24.12.2014 के नियम 15 के प्रावधानों के अन्तर्गत हमारे द्वारा **ग्राम घाटाबिल्लौद, तहसील देपालपुर व जिला इन्दौर (म.प्र.)** स्थित पटवारी हल्का नं. 36 में भूमि खसरा नंबर 27/1, 27/2, 27/3, 27/4, 27/5, 27/6, 27/7, 27/8, 27/9, 27/10 कुल रकबा 3.205 हैक्टेयर भूमि पर विकसित अपार्टमेंट **'वॉक-इन सिटी'** में समाज के निम्न आय वर्ग एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग हेतु आवासीय फ्लैट का विक्रय/आवंटन नियम के निर्धारित मापदण्डों के आधार पर किया जाना है। इस हेतु उपरोक्त फ्लैट के आवंटन/विक्रय हेतु पात्र व्यक्तियों से आवेदन निम्न शर्तों के अधीन आमंत्रित किये जाते हैं।

- पात्रता की शर्तें -

(1) आवेदक मध्यप्रदेश का मूल निवासी होना आवश्यक है (सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी मूल निवासी प्रमाण पत्र)।
(2) आवेदक की वार्षिक आय आर्थिक रूप से कमजोर तथा निम्न आय वर्ग की श्रेणी में होना आवश्यक है (सक्षम राजस्व प्राधिकारी द्वारा जारी वार्षिक आय प्रमाण पत्र)।
(3) भूखण्ड के पंजीयन हेतु निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्रपत्र एवं शर्त रुपये 1100/- नकद जमा कराकर विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 07 दिवस में निम्न हस्ताक्षरकर्ता कार्यालय से प्राप्त कर जमा किये जा सकेंगे।
(4) कोई भी आवेदन पत्र स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार श्रीमान कलेक्टर महोदय इन्दौर को होगा। इसका कोई कारण नहीं दर्शाया जायेगा।
(5) भूखण्डों का आवंटन लॉटरी के आधार पर किया जायेगा।
(6) आवेदक/आवेदक के परिवार का कोई भवन मध्यप्रदेश में नहीं है। इस आशय का शपथ पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक होगा।

आवेदन जमा करने का स्थान: वॉक-इन सिटी, ग्राम घाटाबिल्लौद तहसील देपालपुर व जिला इन्दौर, आकाश सोलंकी मो. 96691-99699

जिल्हाधिकारी तथा जिल्हादंडाधिकारी, बुलढाणा

ई-मेल - legal@khamgaonbank.in	ई-मेल - collector.buldhana@maharashtra.gov.in
संपर्क क्र. - 07262-242307 / 9923049253	जिल्हा उपनिबंधक कार्यालय, बुलढाणा
क्र.जि.उ.नि./बु./खामगांव अर्बन/नि.नि.अ./कार्यि/ /2024	दिनांक :08/02/2024

जाहीर सूचना

(फक्त सभासदांकरीता)

दि खामगांव अर्बन को-ऑप.बँक लि., खामगांव चे संचालक मंडळाच्या सदस्यांची निवडणूक घेण्यासाठी आयोजित केलेल्या सर्व साधारण सभेची सूचना व निवडणूक कार्यक्रम दि.17.01.2024 रोजीच्या वृत्तपत्रामध्ये प्रसिध्द करण्यात आलेली आहे. सदर निवडणूक कार्यक्रमानुसार दि.12 फेब्रुवारी 2024 रोजी सकाळी 8.00 ते सायंकाळी 4.00 वाजेपर्यंत खाली नमूद केलेल्या मतदान केंद्रावर मतदान घेण्यात येणार आहे. तरी सर्व सभासदांनी याची नोंद घ्यावी.

मतदान केंद्र क्र.	मतदान केंद्राचे नांव	मतदार यादीतील अनुक्रमांक		केंद्रातील एकूण मतदान
32	दि खामगांव अर्बन को-ऑप.बँक लि., शनवारा, जयस्तंभ चौक, बऱ्हाणपूर, जि.बऱ्हाणपूर (मध्य प्रदेश)	1	1866	1866

(नानासाहेब चव्हाण)
सहाय्यक निवडणूक निर्णय अधिकारी,
तथा जिल्हा उपनिबंधक, सहकारी संस्था, बुलढाणा

NATRAJ PROTEINS LIMITED

CIN: L00153MP1990PLC006090
Regd. Off. -Nagpur Kalan, Ordinance Factory Road, Itarsi, (M.P.)-461111
Email: natrajproteinltd@rediffmail.com

UN-AUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND NINE MONTHS ENDED ON 31.12.2023

(Rs. In Lakhs) (except EPS)

Particulars	Quarter ended 31.12.2023 (Unaudited)	Corresponding 3 months ended in the previous year 31.12.2022 (Unaudited)	Nine Months ended 31.12.2023 (Unaudited)
Total income from operations	7807.09	4096.73	15498.45
Net Profit / (Loss) for the period (Before Tax, Exceptional and/ or Extraordinary items)	(172.26)	102.92	(1346.97)
Net Profit / (Loss) for the period Before Tax (After Exceptional and/ or Extraordinary items)	(172.26)	102.92	(1346.97)
Net Profit / (Loss) for the period After Tax Exceptional and/ or Extraordinary items)	(176.27)	92.33	(1352.21)
Total comprehensive Income for the period [Comprising Profit/ (Loss) for the period (after tax) and other comprehensive income (after Tax)]	(176.73)	96.95	(1349.81)
Equity Share Capital	374.70	374.70	374.70
Reserves (excluding Revaluation Reserve as shown in the Audited Balance Sheet of previous year)	-	-	-
Earnings Per Share (of Rs. 10/- each) (for continuing and discontinued operations)			
Basic:	(4.70)	2.46	(36.09)
Diluted:	(4.70)	2.46	(36.09)

Note: 1) The above is an extract of the detailed format of Un-Audited Quarter and NineMonths Financial Results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (LODR) Regulations, 2015.
2) The full format of the Un-Audited Quarter/NineMonthsFinancial Results are available on the website of the Company www.natrajproteins.comand Stock Exchange.

For, NATRAJ PROTEINS LIMITED
Sd/-
KAILASH CHAND SHARMA
CHAIRMAN &MANAGING DIRECTOR
DIN: 00012900

Date: 11.02.2024
Place: Itarsi

Scanned with OKEN Scanner